औद्योगिक विकास के पथ पर दौड़ेगा बुंदेलखंड

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी से बुंदेलखंड को भी औद्योगिक विकास के पंख लगेंगे। 19 फरवरी को राजधानी में जीबीसी 4.0 के जरिये इस पथरीले और पठारी भू-भाग पर 59,288 करोड़ की निवेश परियोजनाओं को धरातल पर उतारने की शुरुआत होगी। यह निवेश बुंदेलखंड के सभी सात जिलों में होगा। नोएडा की स्थापना के 46 वर्ष बाद योगी सरकार ने नोएडा की तर्ज पर बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) की स्थापना कर इसके तहत औद्योगिक टाउनशिप विकसित करने की पहल की है।

औद्योगिकीकरण को बढ़ावा देकर क्षेत्र के पिछड़ेपन को दूर करने के लिए योगी सरकार ने अपनी निवेश प्रोत्साहन नीतियों में बुंदेलखंड में निवेश करने वाले उद्यमियों को अलग से भी प्रोत्साहन दिए जाने की पहल की है। जीबीसी 4.0 के जरिये झांसी जिले में 23,739 करोड़ रुपये से अधिक निवेश के उद्यमों की शुरुआत होगी। ललितपुर में भी 15,707 करोड़ से अधिक लागत के प्रोजेक्ट्स की पीएम आधारशिला रखेंगे। जालौन में 9290 करोड़ रुपये, चित्रकूट में 7047 करोड़ रुपये, महोबा में 1664 करोड़, बांदा में 596 करोड़ और हमीरपुर में 1243 करोड़ से ज्यादा की निवेश परियोजनाएं मूर्त रूप लेंगी।